R
04/01/23

प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय उन्नाव।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त परिपत्र सं0 14/प्रशासन–डी दिनांकित 15.10.2022 के अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, उनकी रिक्त पदों के सापेक्ष पुर्ननियुक्ति की जानी है।

दिनांक 31.12.2022 को श्री सत्यनरायन दुबे के सेवानिवृत्त होने के उपरान्त वाहन चालक का एक पद रिक्त चल रहा है। जिस पद हेतु सेवानिवृत्त वाहन चालकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) तक के लिये की जायेगी।

आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमें से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगी।

आवेदक अपना आवेदन–पत्र दिनांक 09.01.2023 तक की सायं 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्राप्त करा सकते हैं इस तिथि के बाद आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

विज्ञप्ति समस्त अवकाश प्राप्त कर्मचारीगण के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय उन्नाव व माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड करायें।

जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को निःशुल्क समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित की जाये।

04/01/23
अध्यक्ष,
पदोन्नति डाटा संकलन/पदोन्नति डाटा संकलन समिति
अपर जिला जज उन्नाव।
02/1/23

आवेदन पत्र का प्रारूप

नाम...

पिता का नाम...

माता का नाम...

जन्मतिथि...

आयु (दिनांक 01.01.2023 के अनुसार)...................................

फोटोयुक्त पहचान पत्र (पहचान पत्र/आधार कार्ड व अन्य वैध पहचान पत्र)..............

सेवानिवृत्त होने की तिथि...

पदनाम जिससे सेवानिवत्त हुआ है तथा स्थान................................

अस्थायी पता...

स्थायी पता...

मोबाइल नं0...

ई0 मेल...

घोषणा–पत्र

मैं...पुत्र/पुत्री/पत्नी.. यह घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उक्त अंकित एवं संलग्न सूचनाएं मेरे/मेरी निजी जानकारी में सही/सत्य हैं। मेरे द्वारा कोई भी जानकारी/तथ्य छिपाया नहीं गया है/गयी है और न ही मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित चल रहा है। यदि भविष्य में विभाग के संज्ञान में कोई प्रतिकूल जानकारी/तथ्य आता है तो विभाग द्वारा मेरा अभ्यर्थन निरस्त करते हुए, जो भी कार्यवाही की जायेगी वह मुझे सर्वमान्य होगा/होगी।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर